संभव नहीं है। "Man cannot live alone."

5. **सामाजिक विभाजन (Social Divisions):—** समाज विभिन्न वर्गों, समूहों और संस्थाओं में विभाजित रहता है, जिससे कार्यों का उचित वितरण होता है और दक्षता बढ़ती है।

6. **मानव व्यवहार पर नियंत्रण (Social Control):—** कानून, धर्म, नैतिकता, लोकाचार, आदि व्यक्ति के व्यवहार को नियंत्रित करते हैं और सामाजिक व्यवस्था बनाए रखते हैं।

7. **स्वतंत्रता (Liberty):—** अत्यधिक नियंत्रण समाज को दमनकारी बना देता है, इसलिए विकास के लिए स्वतंत्रता आवश्यक है।

समाज नियंत्रण और स्वतंत्रता के संतुलन पर आधारित एक गतिशील व्यवस्था है।

**समुदाय (Community):—** समुदाय उस समूह को कहते जिसमें लोग एक निश्चित भू-भाग में निवास करते हैं, सामान्य जीवन जीते हैं और उनमें सामुदायिक भावना (we feeling) पायी जाती है। Community शब्द 'Com' (Together) और 'Munis' (To serve) से बना है अर्थात् "एक साथ मिलकर सेवा करना"।

**MacIver** के अनुसार— "जहाँ भी छोटे या बड़े समूह के सदस्य साथ रहते हैं और सामान्य जीवन की परिस्थितियों को साझा करते हैं, वहाँ समुदाय होता है।"

निश्चित क्षेत्र + हम की भावना = समुदाय

**समुदाय के मुख्य आधार / विशेषताएँ :—**

1. **व्यक्तियों का समूह—** समुदाय का निर्माण व्यक्तियों के द्वारा होता है। बिना व्यक्तियों के समुदाय की कल्पना नहीं।
2. **निश्चित भौगोलिक क्षेत्र—** समुदाय के लिए एक सिमित क्षेत्र अनिवार्य है, जैसे- गाँव या शहर।
3. **सामुदायिक भावना —** यह समुदाय की आत्मा मानी जाती है। इसके तीन भाग हैं- (1) हम की भावना (2) योगदान की भावना (3) निर्भरता की भावना।
4. **सामान्य जीवन—** समान संस्कृति, भाषा, परंपरा और जीवन पद्धति समुदाय को मजबूत बनाती हैं।
5. **स्थायित्व —** समुदाय अस्थायी नहीं होता। यह लंबे समय तक बना रहता है।
6. **स्वतः उत्पत्ति :—** समुदाय किसी योजना का परिणाम नहीं, बल्कि स्वाभाविक रूप से विकसित होता है।
7. **सामान्य नियम—** समुदाय में आचरण के कुछ नियम होते हैं, जो सामाजिक संतुलन बनाये रखते हैं।

**समुदाय के प्रकार —**

Bogardas के अनुसार—

1. **ग्रामीण समुदाय** — परंपरागत, सरल जीवन, मजबूत सामाजिक सम्बन्ध।
2. **नगरीय समुदाय** — जटिल जीवन, अधिक जनसंख्या, औपचारिक सम्बन्ध।
3. **क्षेत्रिय समुदाय** — एक बड़े भौगोलिक क्षेत्र पर आधारित
4. **राष्ट्रीय समुदाय** — राष्ट्र स्तर पर एकता की भावना।

**समाज और समुदाय में अन्तर :—**

| आधार | समाज | समुदाय |
|---|---|---|
| स्वरूप | अमूर्त (Abstract) | मूर्त (Concrete) |
| क्षेत्र | आवश्यक नहीं | निश्चित भू-भाग आवश्यक |
| भावना | अनिवार्य नहीं | हम की भावना अनिवार्य |
| दायरा | व्यापक | सीमित |
| प्रकृति | संबन्धों की व्यवस्था | व्यक्तियों का संगठित समूह |

समुदाय समाज का एक भाग है, जबकि समाज अधिक व्यापक अवधारणा है।

by — Dr Sanjeeta Prakash

Scanned with CamScanner